Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/2021-2023 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

वर्ष-३१ अंक-५-६ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१ मार्च- ३१ मार्च २०२३ (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्य:२० रु.मात्र + डाक खर्च (रंगीन सहित)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने २३ फरवरी, २०२३ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'हरित विकास' पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया।

## अमृत काल के बजट ने हरित विकास की गति को किया है तेज-प्रधानमंत्री मोदी

पसूका/नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हरित विकास' पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। यह वेबिनार केन्द्रीय बजट २०२३ में घोषित की गई विभिन्न पहल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचारों एवं सुझावों की खोज के उद्देश्य से सरकार द्वारा आयोजित १२ बजट उपरांत वेबिनारों की श्रृंखला की पहली कड़ी है। दिनांकः २३.०२.२०२३ को सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि २०१४ के बाद देश में प्रस्तुत किए गए सभी बजट वर्तमान चुनौतियों का समाधान खोजने के साथ-साथ नए युग के सुधारों को आगे बढ़ाते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने हरित विकास और ऊर्जा संचरण के तीन स्तंभों का उल्लेख किया। इन स्तंभों में पहला, नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन बढ़ानाय दूसरा, अपनी अर्थव्यवस्था में जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करनाय और आखिरी, देश को तेजी से गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ाना शामिल है। इस रणनीति ने पिछले कुछ वर्षों के बजट में इथेन लॉब्लेंडिंग, पीएम कुसुम योजना, सोलर मैन्यूफैक्चरिंग के लिए प्रोत्साहन, रूफटॉप सोलर स्कीम, कोयला गैसीकरण और बैटरी स्टोरेज जैसे उपायों की घोषणाओं को रेखांकित किया है। पिछले वर्षों के विभिन्न बजटों में की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं को रेखांकित करते हुए, प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के बजट में उद्योगों के लिए हरित ऋण, किसानों के लिए पीएम प्रणाम योजना, गांवों के लिए गोबर-धन योजना, शहरों के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति, हरित हाइड्रोजन और आर्द्रभूमि संरक्षण जैसी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

## यूपी के स्कूल पीएम श्री से होंगे लाभान्वित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के छात्रों के लिए सरकारी स्कूल अब और अधिक सुविधाओं से लैस होंगे। बतादें की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार स्कूलों में छात्रों की नींव को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आधुनिक शिक्षा पद्धति को अपनाने पर जोर दिया है, जिसके लिए पीएम (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की शुरुआत की गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने देशभर के १४५०० स्कूलों को पीएम योजना के तहत अपग्रेड करने का निर्णय लिया था। पीएम मोदी ने शिक्षक दिवस के मौके पर इसकी घोषणा की थी। इसके साथ ही पीएम स्कूल न सिर्फ अपने यहां पढ़ने वाले छात्रें के लिए बल्कि आसपास के अन्य स्कूलों के लिए भी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान करेंगे। पीएम की घोषणा के बाद योगी सरकार ने बजट २०२३-२४ में इसके लिए राशि का प्रावधान किया है। इस योजना के मानकों के अनुरूप चुनिंदा स्कूलों को पीएम का दर्जा दिया जाएगा और इन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इस योजना और छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए योगी सरकार ने भी अपना खजाना खोल दिया है। प्रदेश सरकार की ओर से हाल ही में की गई बजट घोषणाओं में इस योजना के लिए एक हजार करोड़ से अधिक राशि तय की गई है। घोषणा के अनुसार केंद्र सरकार की मदद से बेसिक शिक्षा पर ५१० करोड़ रुपए और माध्यमिक शिक्षा पर ५०० करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रदेश सरकार की ओर से १७५३ स्कूलों का डिस्ट्रिक्ट्र और स्टेट लेवल पर वेरिफिकेशन करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है। केंद्र सरकार से अप्रूवल मिलने के बाद इन स्कूलों को पीएम के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के शिवमोग्गा में ३,६०० करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



पसूका/नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के शिवमोग्गा में ३,६०० करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। दिनांकः २७.०२.२०२३ को उन्होंने शिवमोग्गा हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने शिवमोग्गा में दो रेल परियोजना की आधारशिला भी रखी जिसमें शिवमोग्गा- शिकारीपुरा- रानीबेन्नूर नई रेलवे लाइन और कोटेगांगुरु रेलवे कोचिंग डिपो शामिल हैं। उन्होंने २१५ करोड़ रुपये से अधिक की संचयी लागत से विकसित की जाने वाली कई सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत ९५० करोड़ रुपये से अधिक लागत की बहु-ग्राम योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

शिवमोग्गा शहर में ८९५ करोड़ रुपये से अधिक लागत की ४४स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का भी उन्होंने उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक का विकास प्रगति पर है। प्रधानमंत्री ने कहा, प्रगति का यह मार्ग रोडवेज, एयरवेज और आईवे (डिजिटल कनेक्टिविटी) की प्रगति से प्रशस्त है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की डबल इंजन सरकार कर्नाटक की प्रगति के रथ को शक्ति प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने पहले समय के बड़े शहर-केंद्रित विकास के विपरीत डबल इंजन सरकार के तहत कर्नाटक में गांवों और टियर २-३ शहरों में विकास के व्यापक प्रसार पर प्रकाश डालते हुए कहा, शिवमोग्गा का विकास इसी सोच की प्रक्रिया का परिणाम है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिवमोग्गा- शिकारीपुरा- रानीबेन्नूर नई लाइन के पूरा होने पर हावेरी और दावणगेरे जिले भी काफी लाभान्वित होंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस लाइन में कोई लेवल क्रॉसिंग नहीं होगा, जिससे यह एक सुरक्षित रेल लाइन बन जाएगी और फास्ट ट्रेनें सुचारु रूप से चल सकेंगी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कोटागंगौर स्टेशन की क्षमता, जो कभी एक छोटा हॉल्ट स्टेशन हुआ करता था, उसे नए कोचिंग टर्मिनल के निर्माण के बाद बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि अब इसे ४ रेलवे लाइन, ३ प्लेटफार्म और एक रेलवे कोचिंग डिपो के साथ विकसित किया जा रहा है।

> कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
> जार्ज इलियट

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित



साभारः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद संतोष राय के आदेशानुसार दिनांक ०६.०३.२०२३ को अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अंतर्गत सभागार, जनपद न्यायालय, इलाहाबाद में महिला दिवस के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद संतोष राय के अध्यक्षता में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ ईशान्या राज नैदानिक मनोचिकित्सक द्वारा महिलाओं के मनोविज्ञान से संबंधित बातों को बताते हुए उनके उत्थान के बारे में समझाया गया। रश्मि सिंह अपर परिवार न्यायाधीश द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया गया।

डॉ लकी स्पेशल सीजीएम, द्वारा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए महिलाओं को जागरूक करते हुए उनके बचाव व सुरक्षा के उपाय बताएं। मनाली चंद्रा अपर सिविल जज द्वारा महिलाओं के प्रति समाज में फैली हुई बुराइयों से अवगत कराते हुए उनके बचाव के बारे में बताया गया। संसृति सिंह द्वारा महिला जागरूकता के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार एडीजे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अंत में निशा झा नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त लोगों को धन्यवाद देते हुए महिलाओं के प्रगतिशील होने का आह्वान करते हुए महिला सशक्तिकरण बारे में बताया गया स माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष राय द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए पौधे देकर उन्हें सम्मानित किया तथा अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं डॉक्टर ईशान्या राज, अल्पना श्रीवास्तव, अर्पिता चक्रवर्ती, संसृति सिंह, रितु कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया स कार्यक्रम में जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी गण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाप्रबन्धक सतीश कुमार ने ०५ रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, सतीश कुमार, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में दिनांक १४.०२.२०२३ को संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित ०५ रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक महोदय के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत कर्मचारियों में संदीप साहू, लोको पायलट/झांसी/ झांसी मण्डल, शिवम श्रीवास, सहायक लोको पायलट/ झांसी/ झांसी मण्डल, भाई लाल, ट्रैक मेन्टेनर/ महोबा/ झांसी मण्डल, धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय/ प्वाइण्टसमैन/ चन्दारी/ प्रयागराज मण्डल एवं महेश चौधरी, ट्रैकमैन/ कोसीकलां/ आगरा मण्डल शामिल हैं। महेश चौधरी, को माह जनवरी, २०२३ के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। महेश चौधरी ने दिनांक २१.०१.२३ को लगभग ०८.०० बजे घर से ड्यूटी आ रहे थे। इन्होंने देखा कि गाड़ी संख्या १८२३८ छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के B4 बोगी संख्या -183027/C में व्हील के उपर आग एवं धुआ निकल रहा था। जिसकी सूचना इन्होंने तत्काल प्वाइंटसमैन मान सिंह को फोन पर दी एवं इन्होंने अपनी पानी की बोतल से पानी लेकर आग बुझाने लगे।

# मनाई गई वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन की चौथी वर्षगाँठ



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस के ४ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक १५ फरवरी २०२३ को प्रयागराज जंक्शन पर रेल प्रशासन द्वारा चौथी वर्षगाँठ मनाई गई। इस अवसर पर रेल यात्रियों को फूल और मिष्ठान वितरित किये गए। ज्ञात हो कि पहली वंदे भारत एक्सप्रेस प्रयागराज के लोगों के लिए १५ फरवरी २०१६ को कुंभ मेले के दौरान नई दिल्ली-कानपुर- प्रयागराज- वाराणसी मार्ग पर चलाया गया था। ट्रेन ने अपने कुशल संचालन के ४ वर्ष पूरे किए तो लोगों ने धूमधाम से वंदे भारत ट्रेन का जन्मदिन मनाया। मंडल द्वारा प्रयागराज स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में वन्दे भारत से आये हुए रेल यात्रियों का रेलवे के स्टाफ द्वारा पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान वन्दे भारत ट्रेन से आये हुए रेल यात्रियों के द्वारा केक काटा गया और उपस्थित लोगों में केक का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी रेल यात्री काफी प्रसन्न दिखाई दे रहे थे, ।

उन्होंने वंदे भारत ट्रेन के सफर के बारे में अपने विचार वहां उपस्थित प्रेस और मीडिया के साथ साझा किये। रेल यात्रियों ने ट्रेन के अन्दर सफाई व्यवस्था, कैटरिंग तथा ट्रेन के समयपालन की सराहना की एवं इस तरह की ट्रेन चलाने के लिए भारत सरकार और रेल के स्टाफ को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सामान संजय सिंह ने वन्दे भारत के विषय में बताते हुए कहा की वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे ट्रेन १८ भी कहा जाता है, भारतीय रेलवे द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रिक मल्टी-यूनिट, सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन है। इसकी टॉप स्पीड १८० kmph है, जबकि अ परेशनल स्पीड १३० **kmph** है। १०० किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में इसे महज ५२ सेकेंड का समय लगता है।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

# भारतीय रेल ने उत्तर प्रदेश में संपूर्ण ब्रॉड गेज नेटवर्क के विद्युतीकरण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की



पसूका/नई दिल्लीः भारतीय रेल ने रेलवे विद्युतीकरण के मामले में कल एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उत्तर पूर्व रेलवे के तहत सुभागपुर-पछपेरवा ब्रॉड गेज (बीजी) मार्ग का विद्युतीकरण कार्य पूरा होने के साथ, भारतीय रेल ने उत्तर प्रदेश में सभी बीजी मार्गो के विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। इससे इस क्षेत्र में रेल संपर्क बेहतर होगा और रेलगाड़ियों की गति में बढ़ोतरी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए भारतीय रेल की सराहना की है। इस उपलब्धि के साथ, भारतीय रेल ने छह जोनल रेलवे अर्थात् पूर्वी तटीय रेलवे (ईस्ट कोस्ट रेलवे), उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे में बीजी मार्गो के विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया है। इसके अलावा, अत्यधिक उपयोग में आने वाला नेटवर्क (एचयूएन -५), झांसी-मुजफ्फरपुर-कटनी अब पूर्ण रूप से विद्युतीकृत हो गया है। इससे भटनी-वाराणसी-नैनी (इलाहाबाद)- मानिकपुर-सतना - कटनी और छपरा-वाराणसी सहित झांसी-लखनऊ-बाराबंकी- बुढ़वाल, गोंडा-आनंदनगर-गोरखपुर-वाल्मीकिनगर- सुगौली, मुजफ्फरपुर-बछवाड़ा और नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर, सीतामढ़ी- मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के बीच कनेक्टिविटी में बेहतर होगी। कुल रूट किलोमीटर (आरकेएम) के ८५ प्रतिशत हिस्से के विद्युतीकरण के साथ, भारतीय रेल मिशन १०० प्रतिशत विद्युतीकरण को पूरा करने की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है।

# आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अध्यक्षता में जोनल पीएनएम बैठक आयोजित



रे.स.ब्यू./सूत्रः बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में दिनांक १३ एवं १४ फरवरी, २०२३ को जोनल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई। पीएनएम बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शो के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है। इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने की । बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं समस्त प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

पीएनएम बैठक की शुरुआत में कार्मिक विभाग के द्वारा कर्मचारी कल्याण के लिए किए गए कार्यो एवं उपलब्धियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार ने मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है । उन्होंने आगे कहा कि हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं ।

मजदूर कांग्रेस यूनियन द्वारा रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबन्धित उठाए गए सभी मुद्दो पर विधिसम्मत कार्रवाई पर जोर देते हुए उन्होने सभी को आश्वस्त किया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएगी ।

साथ ही उन्होने बैठक में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के तुरंत निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ।

> इनसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं. विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है. वे वही काम करते हैं, जो दूसरे करते हैं, लेकिन उनका मकसद समाज में बदलाव लाना होता है।
>
> -महात्मा गांधी

# सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने मेला क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज आजादी के अमृत महोत्सव व भारत के जी-२० की अध्यक्षता वर्ष में निर्मल गंगा के मूल उद्देश्य से पोलिथिन बहिस्कार व सफाई के प्रति जनजागरूकता जगाने के लिए सेंट जॉन्स एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे की दोनों ब्रिगेडों के सदस्यों द्वारा दिनांक १६-०२-२०२३ को संगम किनारे जाकर घाट पर फैली हुई गंदगी तथा पोलिथीन की सफाई का कार्य किया गया व साथ ही तीर्थ यात्रियों को जागरूक किया व अनुरोध किया कि जीवनदायनी माँ गंगा में पोलिथीन एवं अन्य चीजो को प्रवाहित न करे। इस दौरान ब्रिगेड के सदस्यों ने हाथ में स्वछता एवं पोलिथीन का प्रयोग न करे से संबन्धित स्लोगनो के साथ तख्तियां ले हनुमान मंदिर से संगम नोज तक नारे लगाते हुए रैली निकाली। सफाई एवं जागरूकता अभियान में ब्रिगेड के ३५ सदस्यों ने भाग लिया जिसमें एम्बुलेंस अधिकारी वी बी श्रीवास्तव, उदय चन्द्र मौर्य, राजीव सिंह, मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, विद्यासागर सिंह विद्या भूषण श्रीवास्तव आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस जन जागरण अभियान मे ब्रिगेड के पूर्व सदस्य ए के आर्या, पवन यादव मोहीबुल्ला, सतीश कुमार व विजय कुमार ने भी अपना योगदान दिया। इसे सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों को ब्रिगेड के अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई, साथ ही ऐसे जनजागरण के कार्यक्रम निरंतर चलाए जाने की जरूरत पर बल दिया, व अनुरोध किया कि सभी सदस्य सतत यूं ही अपनी भागीदारी बनाये रखेगें।

# Rajbhasha Utsav held in Southern Railway Headquarters

Source: CPRO/SR:- Rajbhasha Utsav was held under the chairmanship of Gautam Dutta, Additional General Manager & Principal Chief Mechanical Engineer and Mukhya Rajbhasha Adhikari of Southern Railway on 16.02.2023 (Thursday) at 15.30 in the 'Sulay' auditorium of the Headquarters building.The program started with lighting the lamp and Saraswati Vandana. Soon after this a grand cultural program was organized. In this Suguna and Mrs. Lata presented a short skit which was enjoyed by all the employees. After this, film songs were presented by the winners of the singing competition organized on the occasion of Rajbhasha Utsav, which was very captivating. After the cultural program, Rajbhasha Adhikari/ Headquarters office, Dr. A. Srinivasan welcomed everyone and gave a brief description of the journey of Official Language Hindi so far. After this, he submitted a report on various competitions such as Essay, Elocution, Noting & Drafting, typing on computer, singing, quiz on the topic 'Seventy-five years of independence', memory power, book review and word-power competitions and Picture based competition organized for the officers of HQ during the Rajbhasha Utsav and other programs conducted during the year. In his presidential speech, Gautam Dutta, Additional General Manager and Principal Chief Mechanical Engineer of Southern Railway congratulated all the participants of the competitions and told that they are lovers and followers of official language Hindi and are role models in their respective departments. He further said that it is easy to work in Hindi and the Department of Official Language is motivating and encouraging everyone for this. Congratulating the departments that received the shield, he said that it is a collective effort and this will inspire other departments as well. In the program organized after this, the Chairman and Additional General Manager released the Help Literature on the topic 'How to work in Hindi in e-office'. in the prize distribution ceremony Inter-departmental Rolling Shields were given to the three departments, i.e. Mechanical, Operations and Stores Departments maximum usage of Hindi in their official work. P. Suresh, Chief Workshop Engineer & Chief Mechanical Engineer/Planning, Ms. Neenu Itiyera, Principal Chief Operations Manager and Prakash Chandra Tamta, Principal Chief Material Manager from these departments received the shield from the Chairman. Certificates were awarded to the winners and other participating officers of the drawing based competition organized for the officers. Apart from them, certificates were also given to the winners and other participants of other competitions organized in connection with the Raj bhasha Utsav.

> राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
>
> सरदार वल्लभ भाई पटेल

# रेलकर्मियों की सहायता से रेलगाड़ी में स्वस्थ्य बच्चे का जन्म

रे.स.ब्यू./सूत्रःझाँसी से प्रयागराज के मध्य गाड़ी सं २२१२६ में दिनांक २७.०२.२३ को मुख्य टिकट निरीक्षक संतोष कुमार जैन तथा उप मुख्य टिकट निरीक्षक रवि कांत तैनात थे। ड्यूटी के दौरान इरादतगंज स्टेशन पर इन्हें सूचना मिली की कोच M1 की बर्थ ४८ पर महिला को प्रसव पीड़ा हो रही है। कंडक्टर संतोष कुमार जैन COR/VGLB के नेतृत्व मैं रवि कांत Dy-CTI और साथी अशोक कुमार मीना Dy-CTI ने तत्परता दिखाते हुए वाणिज्य नियंत्रण कार्यालय प्रयागराज को सूचित किया एवं कोच की महिला यात्रियो से सहयोग प्राप्त करते हुए, महिला ने गाड़ी में एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। इस सहयोग के लिए परिवार के सदस्यों ने टिकट चेकिंग स्टाफ और रेलवे की प्रशंसा की।

# EXECUTIVE HEALTH CHECK-UPCAMP HELD IN METRO RAILWAY



Source/CPRO:Metro Railway Kolkata: An Executive Health Check-up Camp was organized by the Medical Department at Tapan Sinha Memorial Hospital on 18.02.2023 for all officers to help them maintain sound physical and mental health. Senior Metro officers attended this camp. Different crucial health parameters like blood pressure, blood sugar, body mass index, liver functioning, eye and heart condition etc. were examined in this camp. Specialist doctors and nutritionist were present to provide necessary medical advices.

## सम्पादकीय

# चुनाव आयोग का झटका

शिवसेना के नाम और चुनाव निशान पर आया चुनाव आयोग का फैसला शिंदे गुट के लिए जितना उत्साहवर्धक है, उद्धव ठाकरे गुट के लिए उतना ही बड़ा झटका। नाम और चुनाव निशान शिंदे गुट को मिलने का मतलब है कि चुनाव आयोग ने उसे ही असली शिवसेना माना है। ऐसे में अब पहला सवाल तो यही सामने आ गया है कि पार्टी की शाखाओं और उसके भवनों पर किसका कब्जा होगा। शिंदे गुट ने कहा है कि पार्टी के दादर स्थित मुख्यालय शिवसेना भवन पर वह फिलहाल दावा नहीं करेगा। वैसे, अच्छी बात यह है कि गठबंधन के अन्य घटक दलों ने इसे ज्यादा तूल नहीं दिया। शरद पवार ने भी उद्धव ठाकरे का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरने का सुझाव दिया है। उद्धव ठाकरे भी विश्वासघात के आरोपों के सहारे आम शिवसैनिकों और पार्टी समर्थकों के मन में सहानुभूति पैदा करने में लगे हैं। इन चुनावों के नतीजे का तो इंतजार करना होगा, लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि लड़ाई दिलचस्प होने वाली है। वैसे भी उसका स्वामित्व एक ट्रस्ट के नाम है, तो उस पर कब्जा जमाना आसान नहीं होगा। अन्य ज्यादातर भवनों के साथ भी ऐसी ही दिक्कतें हैं। लेकिन राज्य भर में फैली शाखाओं के साथ ऐसा नहीं है। ज्यादातर शिवसेना शाखाएं और इसके भवन वगैरह स्थानीय नेताओं या उनसे जुड़ी संस्थाओं के पास हैं। जाहिर है, शिंदे गुट की पहली कोशिश शिवसेना से जुड़े स्थानीय नेताओं की वफादारी हासिल करने की होगी ताकि उनके जरिए पार्टी की पूरी संरचना पर कब्जा करके शिवसैनिकों को अपने पाले में लाया जा सके। शिंदे गुट को लग रहा है कि पार्टी का निशान मिल जाने के बाद अब उसके लिए ऐसा करना अपेक्षाकृत आसान भी होगा। लेकिन उद्धव ठाकरे गुट ने भी आक्रामक मुद्रा अख्तियार करते हुए।

# निवाड़ी स्टेशन पर लोकमान्य तिलक टर्मिनस प्रयागराज तुलसी एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारम्भ



रे.स.ब्यू./सूत्रः झाँसी मंडल मे केबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवम् अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार डॉ वीरेंद्र कुमार जी द्वारा दिनांक १५.०२.२३ को मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष की उपस्थिति में गाड़ी संख्या २२१२६/३० लोकमान्य तिलक टर्मिनस प्रयागराज तुलसी एक्सप्रेस के निवाड़ी स्टेशन पर ठहराव का हरी झंड़ी दिखाकर शुभारंभ किया। शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि माननीय केबिनेट मंत्री जी ने कहा कि आज बसई स्टेशन को गाड़ी संख्या २२१२६/३० लोकमान्य तिलक टर्मिनस प्रयागराज तुलसी एक्सप्रेस के रूप में एक नई एक्सप्रेस रेल सेवा प्राप्त हो रही है, इससे क्षेत्र की जनता सीधे देश की आर्थिक राजधानी मुंबई एवं तीर्थ राज प्रयागराज से जुड़ सकेगी। यह इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास में भी यह ठहराव निश्चित रूप से अहम् भूमिका निभाएगा। उन्होंने रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही दिव्यांग जन हेतु, व्हीलचेयर रैंप शौचालय और अमृत भारत योजना पर प्रसन्न जाहिर की।मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेल सदैव ही आधुनिकतम सुविधायें प्रदान करने हेतु प्रयासरत है, साथ ही सुखमय यात्रा एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। झाँसी मंडल, भारतीय रेल के महत्वपपूर्ण अंग के रूप में अपने सभी सम्मानित रेल उपयोगकर्ताओं की सेवा में निरन्तर तत्पर है। मंडल द्वारा निरंतर यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी तथा उच्चीकरण किया जा रहा है। उदघाटन समारोह का सफल संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में मंत्री जी के पूर्ण परिचय उनके क्वालिफिकेशन एजुकेशन उनके प्रोटेम स्पीकर तथा ७ बार लगातार लोकसभा सांसद चुने जाने की और लोकप्रियता से संबंधित उपलब्धियों को बताया इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व) आई पी एस यादव, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण, सहित निरीक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

> ''मनुष्य को ठंडा रहना चाहिए, क्रोध नहीं करना चाहिए। लोहा भले ही गर्म हो जाए, हथौड़े को तो ठंडा ही रहना चाहिए अन्यथा वह स्वयं अपना हत्था जला डालेगा। कोई भी राज्य प्रजा पर कितना ही गर्म क्यों न हो जाये, अंत में तो उसे ठंडा होना ही पड़ेगा।''
>
> -सरदार वल्लभभाई पटेल

# रेल मदद एप से शिकायतों के निराकरण में सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाने वाले रेल कर्मियों को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित




रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर। रेल मदद एप द्वारा यात्रियों से प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के त्वरित निराकरण में सर्वश्रेष्ठ योगदान एवं भूमिका निभाने वाले रेल कर्मियों को दिनांक २३ फरवरी, २३ को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक आलोक कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। यात्रियों से प्राप्त समस्याओं/शिकायतों के त्वरित निपटान करने में और फिर उनसे फीडबैक लेने में महाप्रबंधक ध्अपर महाप्रबंधक के निर्देशों व अनुदेशों के बाद पूरे भारतीय रेल में हमारे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी कड़ी में माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर, २०२२ (तीन माह) के लिए सम्मानित होने वाले रेलकर्मियों में अर्जुन पवार, जूनियर इंजीनियर (C&W), श्रीवनि चंद्रवंशी, सीसीसी, सोनवीर, कांस्टेबल, आलोक कुमार, हेड कांस्टेबल, पी.सोम शेखर, सीआरएस, दीपक लोधी, कांस्टेबल, एम. एल. योगी, कांस्टेबल, एस. के. शर्मा, एएसआई, एल. वी. रमना, सीनियर सीसी, पी. उपाध्याय, जूनियर इंजीनियर (C&W), विजय विठोले, कांस्टेबल, प्रदीप गोदवे, कांस्टेबल सम्मिलित थे। प्रधानमंत्री की डिजिटल पहलों के अनुरूप भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करते हुए रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने के लिये रेलवे के द्वारा पिछले ३ वर्षो से 'रेल मदद' नाम से एक एप जारी किया है। रेल मदद एप यात्रियों की शिकायतों को दर्ज कर शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें लगातार जानकारी मुहैया कराता है। यात्री को इस एप पर रजिस्टेशन के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध कराकर रेलवे द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी भी एसएमएस द्वारा दी जाती है। पूर्व में रेलवे के द्वारा जितनी भी हेल्पलाईन नंबर इस्तेमाल में थी उन सभी को 'रेल मदद' एप में समाहित की गई है ।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में प्रधान वित्त सलाहकार पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के लेखा विभाग में दिनांक २७.०२.२०२३ को प्रधान वित्त सलाहकार पुरस्कार समारोह २०२३ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लेखा विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं पुरस्कृत कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान वित्त सलाहकार योगेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल ६२ कर्मियों को सम्मानित किया गया जिसमें समूह 'क', 'ख', 'ग' एवं 'घ' वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। इस अवसर पर प्रधान वित्त सलाहकार महोदय द्वारा लेखा विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गयी तथा समस्त रेलकर्मियों को नये परिदृश्य में नई चुनौतियों का सामना करने हेतु स्वयं को लगातार नवीकृत करते रहने का संदेश दिया गया। आदित्य जोशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारीध भ.का.या. द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और अधिक उर्जावान होने हेतु प्रेरित किया गया। वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी / निर्माण चन्दन कुमार वर्मा द्वारा नये एवं पुराने कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र में और अधिक प्रशिक्षण दिये जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व उपवित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/सामान्य एस. के. पाण्डेय के असामयिक निधन पर मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर आदित्य जोशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/ भ.का. या. तथा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी/निर्माण चन्दन कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# सीनियर सिटिजन होना गुनाह है?

भारत में ७० वर्ष की आयु के बाद वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा बीमा के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें ईएमआई पर ऋण नहीं मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस नहीं दिया जाता है। उन्हें आर्थिक काम के लिए कोई नौकरी नहीं दी जाती है। इसलिए वे दूसरों पर निर्भर हैं। उन्होंने अपनी युवावस्था में सभी करों का भुगतान किया था। अब सीनियर सिटिजन बनने के बाद भी उन्हें सारे टैक्स चुकाने होंगे। भारत में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई योजना नहीं है। रेलवे पर ५०% की छूट भी बंद कर दी गई। दु:ख तो इस बात है कि राजनीति में जितने भी वरिष्ठ नागरिक हैं फिर चाहे MLA हो या MP या Ministers उन्हें सबकुछ मिलेगा और पेंशन भी लेकिन सिनीअर सिटिजन पूरी जिंदगीभर सरकार को कई तरह के टैक्स देते हैं फिर भी बुढ़ापे में पेंशन नहीं, सोचिए अगर औलाद न संभाल पाए (किसी कारणवश) तो बुढ़ापे में कहां जायेंगे, यह एक भयानक और पीड़ादायक बात है। अगर परिवार के वरिष्ठ सदस्य नाराज हो जाते हैं, तो इसका असर चुनाव पर पड़ेगा और सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल कौन करेगा? वरिष्ठों में है सरकार बदलने की ताकत, उन्हें कमजोर समझकर न करें नजर अंदाज! वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकार गैर-नवीकरणीय योजनाओं पर बहुत पैसा खर्चा करती है, लेकिन यह कभी नहीं महसूस करती है कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी एक योजना आवश्यक है। इसके विपरीत बैंक की ब्याज दर घटाकर वरिष्ठ नागरिकों की आय कम कर रहा है। अगर मामूली पेंशन भी मिलती है जिसमें परिवार का गुजारा भी मुश्किल चलता है तो उस पर भी इन्कम टैक्स एक भारतीय वरिष्ठ नागरिक होना एक अपराध लगता है...! आइए वरिष्ठ नागरिकों की आवाज को सरकार के कानों तक पहुंचाएं, मैं अनसुनी आवाज को इतना जोर से सुनना चाहता हूं ।

# उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की प्रदर्शनी आयोजित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार राजभाषा के प्रयोग में बहुआयामी प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा किए जा रहे राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के कार्यों की भव्य एवं सुरुचिपूर्ण प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक प्रस्तुति की गई। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने मंगल दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने कहा कि हमारे कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। हमारा कार्यक्षेत्र पूरी तरह हिंदीभाषी क्षेत्र में है, इसलिए हमें पूरी निष्ठा और दायित्व भावना के साथ हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए, ताकि राजभाषा के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में लगातार अग्रसर रहें तथा नई उपलब्धि हासिल कर सकें। महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों तथा रचनात्मक एवं आकर्षक साज-सज्जा और प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण की सराहना की और विभाग के कर्मचारियों के लिए सोलह हजार रूपए के पुरस्कार की घोषणा की।इस क्रम में संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित मदों के अनुसार सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर मनोज कुमार बेउरा द्वारा महाप्रबंधक सतीश कुमार का स्वागत किया गया और और उन्हें विभाग द्वारा हिंदी में किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एस. के. सिंह, सचिव/ महाप्रबंधक अजय सिंह, मुख्य सिगनल इंजीनियर प्रशांत कुमार वर्मा, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियरध्कार्य संतराम मीना, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियरध्योजना दीपक कुमार सिंह, मुख्य संचार इंजीनियर राम नरेश सिंह, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर / परियोजना भोलेन्द्र सिंह , उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित राजभाष तथा सिगनल एवं दूरसंचार विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# उत्तर रेलवे ने धूमधाम से मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
## उत्कृष्ट सेवा के लिए महिला रेलकर्मी हुई सम्मानित
## अनेक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्रः विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर प्रत्येक वर्ष ०८ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे ने आज राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री आशुतोष गंगल मुख्य अतिथि थे तथा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शिखा गंगल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। साथ ही इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक उत्तर रेलवे, आशुतोष पंत सहित सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष व अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शिखा गंगल ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष महिला दिवस का मूल विषय "लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रोद्यौगिकी" है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय रेल में आज प्रत्येक स्तर पर महिलाओं की भागीदारी निरन्तर बढ़ रही है तथा गाड़ियों के संचालन से जुड़े कार्यों जिनमें अभी तक पुरुषों का बोलबाला था, में भी महिलाओं की भागीदारी निरन्तर बढ़ रही है।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने कहा कि इस अमृत काल में हमें आने वाले २५ वर्षों में ऐसे प्रयास करने हैं जिनसे महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ाया जा सके, तभी हम इस वर्ष की थीम - "लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रोद्यौगिकी" के सपने को सही रूप में साकार कर सकते हैं।

उत्तर रेलवे की प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रमिला हिंगोरानी भार्गव ने उपस्थित सभी महिलाओं व अधिकारियों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनायें दी तथा प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहने का आग्रह किया।

# एफसीआई सलाहकार समिति बैठक में बाजरा खरीदी एवं गोदाम निर्माण की रखी गई मांग




साभारः भारतीय खाद्य निगम राज्य सलाहकार समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में आयोजित बैठक में राज्य सलाहकार समिति सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने फिरोजाबाद एवं आगरा जिले में बाजरा की ज्यादा से ज्यादा खरीदी किए जाने तथा सोनभद्र एवं मिर्जापुर जिले धान उत्पादक क्षेत्र हैं। अतः यहां से ज्यादा से ज्यादा धान खरीदी की जाए तथा गोदामों का निर्माण कराया जाए। जिस पर श्री गौतम को उन्होंने आश्वस्त किया कि सोनभद्र में भारत सरकार की निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी) योजना अंतर्गत बीस हजार मेट्रिक टन क्षमता का लगभग पन्द्रह करोड़ पचास लाख रूपए की लागत से एक गोदाम निर्माण कराया जाएगा। इसका एक निश्चित किराया १० वर्षों के लिए एफसीआई द्वारा गोदाम निर्माता को भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गौतम ने रेलवे साईडिंगों पर खाद्यान्न की सुरक्षा हेतु गुड्स शेड निर्माण हेतु भारतीय खाद्य निगम अपने प्रस्ताव मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) को भेजें जिस पर शीघ्र निर्माण हेतु पूरा सहयोग किया जाएगा। अध्यक्ष एवं सांसद ने भी आश्वस्त किया के इस मुद्दे को मैं रेल मंत्री जी के समक्ष भी रखूंगा। गौतम ने खाद्य भंडारण, खाद्यानों की खरीद और वितरण, खाद्यानों की गुणवत्ता, एवम मार्गस्थ एवम भंडारण की हानियां, भंडारण की बिक्री एवम निपटान , अंत्योदय एवम गरीबी रेखा से ऊपर और नीचे आवंटन, उठान और वास्तविक वितरण पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच तालमेल बैठाने के प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा गोदाम निर्माण कराए जाने, जिससे कि खाद्यान्नों के भंडारण एवं आवाजाही की सुविधा बढ़ सके।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया मलासा–लालपुर-पामां रेल खंड के मध्य नव दोहरीकृत रेल लाइन का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्रः रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई-कानपुर दोहरीकरण योजना के अंतर्गत मलासा–लालपुर - पामां के मध्य नवनिर्मित १७.९६ कि.मी. रेल खंड पर नव दोहरीकृत रेल लाइन सहित सभी संस्थापनों का दिनांकरू२१.०२.२३ को निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही झाँसी–कानपुर रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान उक्त रेल खंड के अंतर्गत आने वाले ट्रैक्शन, सिग्नल, गेट, OHE, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स आदि सभी इंस्टालेशन तथा उनकी कार्य क्षमता का गहनता से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इंस्पेक्शन कैरिज तथा मोटर ट्राली से उक्त रेलखंड के पर सभी प्रकार के नए संस्थापनों की परख की पनिरीक्षण उपरान्त सम्बंधित नव स्थापित ट्रैक पर १२० किमी प्रति घंटा की अधिक रफ्तार से स्पीड ट्रायल के माध्यम से ट्रैक की गुणवत्ता, राइडिंग क्वालिटी आदि की परख ली गयी। इस दौरान संरक्षा सम्बंधित संस्थापनों का सघन निरीक्षण कर परख की गयी। रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति के उपरान्त, यह नव दोहरीकृत रेल खंड व स्टेशन भवन यात्री गाड़ियों एवं मालगाड़ी के सुरक्षित संचालन हेतु उपलब्ध होगा। इस दूसरी लाइन के खंड के प्रारंभ होने से वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर रेल खंड पर गाड़ियाँ के संचालन में सुगमता आएगी, गति मिलेगी तथा समय पालनता में वृद्धि होगी। झाँसी मंडल के लिए यह ऐतिहासिक क्षण है, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी- कानपुर दोहरीकरण योजना के अंतर्गत तथा मलासा-लालपुर-पामान १७.९६ किलो मीटर रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य पूर्ण होते ही यह २०५.८६ किलोमीटर का रेल खंड रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति मिलते ही रेल यातायात के लिए उपलब्ध होगा। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मुख्यालय से अधिकारी (निर्माण) मंजुल माथुर, ई डी /RVNL अनुराग, मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष, मुख्य परियोजना प्रबंधक के के तलरेजा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अजय शंकर झा बने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज भारतीय रेल यातायात सेवा के १९९० बैच के अधिकारी अजय शंकर झा ने प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वह मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/ यात्री सेवा एवं मुख्य दावा अधिकारी, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रूप में कार्यरत थे। निवर्तमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे शशिकांत सिंह का पूर्व मध्य रेलवे स्थानांतरण हो गया है। अजय शंकर झा भारतीय रेलवे के गतिशील अधिकारियों में से एक हैं जिनको रेलवे में परिचालन, संरक्षा और वाणिज्य विभागों में काम करने का व्यापक अनुभव है।इन्होंने अपनी रेल सेवा वर्ष १९९१ से सहायक परिचालन प्रबंधक के रूप में दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल से प्रारंभ की थी। उन्होंने दक्षिण पूर्व, दक्षिण मध्य रेलवे और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है।अजय शंकर झा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता यात्री सेवाओं में वृद्धि, व्यापारियों और ग्राहकों को रेलवे के लिए नई लोडिंग को आकर्षित करने और इस तरह रेलवे के राजस्व में वृद्धि करने की होगी।

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा। प्रधान सम्पादक


# SATYAJIT RAY STATION OF THE ORANGE LINE A TRIBUTE TO THE MAESTRO




Source-CPRO/Metro Railway Kolkata: Orange Line of Kolkata Metro is going to be inaugurated very soon. Metro is going to start its commercial operations over the Eastern Metropolitan Bypass within a few days. Satyajit Ray Metro station is going to be one of the prominent stations on this 5.4-KM stretch from Kavi Subhash to Hemanta Mukhopadhyay stations. From the naming to its decoration, this Metro station at the Hiland Park area of Kolkata is a tribute to the great Indian film maestro Satyajit Ray. The film institute named after this Oscar winning director is situated at a stone throwing distance from this station. Students, Professors, film buffs of India and abroad will be able to reach Satyajit Ray Film and Television Institute (SRFTI) easily after getting down at this station.This station will be the gateway to some of the important areas of Kolkata like Survey Park , Santoshpur, Panchasayar , Baghajatin and Jadavpur. Baghajatin railway station of Eastern Railway is also very near to this station. This station will also fulfill the long standing demand of patients and relatives as some of the eminent private hospitals are located in the nearby areas.As Orange Line, Blue Line and Eastern Railway's suburban line will be linked at Kavi Subhas station, so commuters from Hooghly, North 24 Parganas, Howrah and South 24 Parganas will be able to reach these places conveniently. For this, integrated ticketing system will be in place for the convenience of the commuters. Metro commuters won't have to purchase separate tickets while interchanging at Kavi Subhash station.State of the art passenger amenities are going to be provided at the newly built Satyajit Ray Metro station. There are 8 escalators, 4 lifts provided at this station. Apart from these, 06 public staircases will also be there. Satyajit Ray station will also have two spacious platforms of 180-metre length. There will be adequate ticket counters, sitting benches, first aid room, toilets for ladies, gents and divyangjan, Public Address System, digital display boards, CCTV surveillance system, AFC-PC gates, emergency lighting facility for the convenience of the passengers., tactile floor indicators for the blind. In addition to these, there is state of the art smoke extraction, fire detection and suppression system at this station.

# रेलवे चलाएगा एक महीने तक चलने वाला गहन सुरक्षा अभियान

पसूका/नई दिल्लीः ट्रेन के पटरी से उतरने, सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए भारतीय रेलवे ने दिनांकः १६.०२.२०२३ से एक महीने तक चलने वाला गहन सुरक्षा अभियान शुरू किया है। रेलवे बोर्ड, जोनल रेलवे और डिवीजनों के वरिष्ठ अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न सेक्शनों, लॉबियों, रख-रखाव केन्द्रों, कार्यस्थलों पर जाएं और दुर्घटनाएं/असामान्य घटनाओं को रोकने के लिए निर्धारित सुरक्षा परिचालनों और रख-रखाव प्रक्रियाओं की जांच करें तथा उन्हें लागू करें। सहायक लोको पायलटों/लोको पायलटों द्वारा सिग्नलिंग पहलुओं और ब्रेकिंग प्रक्रियाओं का अनुपालन किया जाए तथा गति प्रतिबंधों का पालनय ट्रैक मशीनों/टॉवर वैगनों के ऑपरेटरों की काउंसलिंगय कार्य स्थल की सुरक्षाय शॉर्ट-कट आदि की रोकथाम का भी अनुपालन किया जाए। फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों के सामने आने वाली समस्याओं को समझने और उनके समाधान उपलब्ध कराने के लिए स्टॉफ के साथ सही तथा गलत प्रक्रियाओं के बारे में बातचीत करने और संचालन/रख-रखाव/कार्य पद्धतियों का निरीक्षण करने के लिए अनुभाग/लॉबी/अनुरक्षण केन्द्र/कार्यस्थल में पर्याप्त समय व्यतीत करने का भी निर्देश दिया गया है।


May the vibrant colours of Holi brighten up your life and bring you peace, happiness, and prosperity.
Happy Holi'23

Warm Regards -
Gyanendra kumar Srivastava
Chief Editor- Rail Samachar Bureau, Prayagraj Ph- 9793956044
www.railsamacharbureauald.com

# पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत ३,०८३ लाभार्थियों के लिए लगभग ३०० करोड़ रुपये ऋण स्वीकृत



पसूका/नई दिल्लीः राजस्थान के करौली जिले के हिंडौन सिटी में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष, मनोज कुमार ने राजस्थान के करौली-धौलपुर लोकसभा सांसद डॉ. मनोज राजोरिया की उपस्थिति में दिनांकः २६.०२.२०२३ को मधुमक्खी पालकों के बीच मधुमक्खी क लोनी सहित ३०० मधुमक्खी बक्सों का वितरण किया। उन्होंने पीएमईजीपी परियोजनाओं के लिए २६६.१६ करोड़ रुपये की स्वीकृत ऋण के साथ-साथ पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत ३,०८३ लाभार्थियों के लिए १००.६३ करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी भी जारी की, इससे लगभग २५,००० लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। इस अवसर पर मनोज कुमार, अध्यक्ष, केवीआईसी ने कहा कि 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' (पीएमईजीपी) खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजना है। उन्होंने कहा कि पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत अब तक ८ लाख से ज्यादा परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत २१,००० करोड़ रुपये से ज्यादा 'मार्जिन मनी सब्सिडी' का वितरण किया गया है और पूरे देश में ६८ लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्श वाक्य 'नौकरी मांगने वाला बनने के बजाय नौकरी प्रदाता बनें' को दोहराया। उन्होंने कहा कि केवीआईसी देश के कोने-कोने में विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाएं लागू कर रहा है जिससे रोजगार चाहने वाले युवा अपनी इकाइयां स्थापित कर सकें। कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के समर्पित दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए केवीआईसी ने खादी क्षेत्र में काम करने वाले कारीगरों को ज्यादा मेहनताना देकर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक बार में लगभग ३५ प्रतिशत मजदूरी बढ़ाने का निर्णय लिया गया जो अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि २०१४ में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद केवीआईसी ने कारीगरों की मजदूरी में अबतक लगभग १५० प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है।

# पाटलिपुत्र-अयोध्या कैंट के बीच चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन का गोमतीनगर तक विस्तार

रे.स.ब्यू./सूत्रःहाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हाजीपुर- मुजफ्फरपुर- बापूधाम मोतिहारी के रास्ते पाटलिपुत्र और अयोध्या कैंट के मध्य परिचालित की जा रही ०३२१६/०३२२० पाटलिपुत्र-अयोध्या कैंट-पाटलिपुत्र स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार गोमतीनगर तक करने का निर्णय लिया गया है। यह परिचालन विस्तार पाटलिपुत्र से १७.०२.२०२३ से तथा गामतीनगर से १८.०२.२०२३ से प्रभावी होगा। दिनांक १७.०२.२०२३ से पाटलिपुत्र से खुलने वाली गाड़ी सं. ०३२१६ पाटलिपुत्र से १६.४० बजे खुलकर अगले दिन ०६.३० बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी तथा यहां से यह ०६.४० बजे खुलकर ११.२० बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। वापसी में, दिनांक १८.०२.२०२३ से गाड़ी सं. ०३२२० गोमतीनगर-पाटलीपुत्र स्पेशल गोमतीनगर से १८.१५ बजे खुलकर २१.४५ बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी और वहां से २१.५५ बजे खुलकर अगले दिन ०६.५५ बजे पाटलीपुत्र पहुंचेगी। पाटलीपुत्र और अयोध्या कैंट के बीच ०३२१६/०३२२० स्पेशल का समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा ।

## सभी जेड.आर.यू.सी.सी./डी.आर.यू.सी.सी.सदस्य

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है। कृपया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कृपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044, 9935224867

# रेलवे सुरक्षा बल और यूआईसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित १८वीं विश्व सुरक्षा कांग्रेस में 'जयपुर घोषणा' को अपनाया गया



पसूका/नई दिल्लीः रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (यूआईसी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित १८वीं यूआईसी विश्व सुरक्षा कांग्रेस का उसमें भाग लेने वाले प्रतिनिधियों द्वारा जयपुर घोषणा को अपनाने के साथ आज समापन हो गया। सम्मेलन में दुनिया भर के विशेषज्ञ, हितधारक और प्रतिनिधि 'रेलवे सुरक्षा रणनीति प्रतिक्रियाएं और भविष्य की परिकल्पना' विषय पर ध्यान केन्द्रित करने और रेलवे सुरक्षा में नवीनतम विकास एवं सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए। सम्मेलन के अंतिम दिन भारत के माननीय प्रधानमंत्री के उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पंकज कुमार सिंह ने समापन भाषण दिया। उन्होंने उभरते सुरक्षा खतरों के लिए समाधान विकसित करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए यूआईसी और इसके सुरक्षा मंच की भूमिका की सराहना की। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए अ परेशन नन्हे फरिश्ते और तस्करों के चंगुल से महिलाओं एवं बच्चों को बचाने के लिए अ परेशन एएएचटी जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत में यात्री सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा निभाई गई असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला। रेलवे सुरक्षा के लिए व्यापक समाधान विकसित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ५जी, आईओटी जैसी नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आह्वान किया जिसमें बुनियादी ढांचा, संचालन और यात्री अनुभव सहित रेलवे प्रणाली के सभी पहलू शामिल हैं। आरपीएफ महानिदेशक संजय चंदर जिन्होंने जुलाई २०२२ से जुलाई २०२४ तक यूआईसी सुरक्षा प्लेटफॉर्म के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है, ने 'जयपुर घोषणा' पढ़ा, जिसमें यूआईसी के लिए एक कार्यात्मक एजेंडे की रूपरेखा तैयार की गई है, जो वैश्विक रेलवे संगठनों को सुरक्षा और संरक्षा के उनके दीर्घकालिक लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। घोषणापत्र में २०२५ तक एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और अफ्रीकी क्षेत्रीय असेम्बलियों को पूरी तरह से सक्रिय करके, दुनिया भर में अधिक सुरक्षित रेल नेटवर्क प्रदान करने की दिशा में काम करने के लिए यूआईसी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का अंतिम दिन 'यूआईसी सुरक्षा प्रभाग की गतिविधियों पर अपडेट' पर एक सत्र के साथ शुरू हुआ, जिसमें कार्यकारी समूहों पर एक प्रस्तुति, सुरक्षा केन्द्र पर कार्यशाला, और सुरक्षा मंच के अगले चरण शामिल थे। यूआईसी की सुरक्षा प्रभाग की प्रमुख मैरी-हेलेन बोनेउ और यूआईसी के सुरक्षा डिवीजन की वरिष्ठ सलाहकार डारिया कर देल ने प्रतिनिधियों को अपडेट प्रदान किया। उन्होंने भविष्य में यूआईसी सुरक्षा मंच के लिए परिकल्पित महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा खतरों को समाप्त करने के लिए समाधान विकसित करने में रेलवे सुरक्षा बल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। पीकेपी रेलवे, पोलैंड की अध्यक्षता में संकट प्रबंधन कार्य समूह का जनादेश जर्जी ट्रोचा द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया और रेलवे सुरक्षा बल, भारत द्वारा सह-अध्यक्ष मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक, आरपीएफ द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया। एक अभिनव दृष्टिकोण, जिसे वारस , पोलैंड में पिछली विश्व सुरक्षा कांग्रेस के बाद दोहराया गया था, जिसमें सभी चार सत्रें में विचार-विमर्श किए गए मुद्दों पर एक सर्वेक्षण शामिल था। सर्वेक्षण जयपुर, भारत में कांग्रेस में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों और अन्य लोगों के बीच लिया गया था जिन्होंने उपयोगकर्ता के अनुकूल स्लिडो प्लेटफ र्म पर वर्चुअल रूप से अ नलाइन भाग लिया। प्रश्नावली में रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों और रेलवे प्रणाली के अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सभी प्रतिभागियों के विचार और राय मांगी गई।

यूआईसी वर्ल्ड सिक्योरिटी कांग्रेस एक शानदार सफलता रही है, जो रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए दुनिया भर के देशों के उद्योग विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों को एक साथ ला रही है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ४६ स्टेशनों का होगा कायाकल्प

रे.स.ब्यू./सूत्रः बिलासपुर। भारतीय रेलवे में प्रतिदिन लाखों यात्री अपने गंतव्य तक यात्रा करते हैं। रेल यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेलवे निरंतर प्रयासरत है । इसी क्रम में रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के आधुनिकीकरण क लिए "अमृत भारत स्टेशन" योजना नाम से एक नई नीति तैयार की है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के कुल १२७५ स्टेशनों को चिन्हित किया गया है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ४६ स्टेशन सम्मिलित है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन स्टेशनों में भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, बिल्हा, भिलाई, बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिर हसौद, उरकुरा, निपानिया, भिलाई नगर, रायपुर, दुर्ग, राजनांद गांव, डोंगरगढ़, रायगढ़, बाराद्वार, चाम्पा, नैला, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रारोड, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, बिलासपुर, गोंदिया, इतवारी, कम्पटी, आमगांव, भंडारा रोड, तुमसर रोड, वडसा, चांदाफोर्ट, मंडला फोर्ट, बालाघाट, नैनपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, ब्रजराजनगर, बेलपहाड़ शामिल है। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के इतर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना है। इस मास्टर प्लान को लक्ष्य के साथ चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायगा। इस योजना में हितधारकों की आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है। स्टेशन पर नई सुविधाओं की शुरूआत के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी इस योजना के तहत अपग्रेड किया जायगा। अमृत भारत स्टेशन" योजना के तहत भारतीय रेलवे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को बेहतर बनाने की कोशिश करेगा, जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न स्टेशनों में जरूरत के अनुरूप यात्री सुविधाओं के उन्नयन का प्रस्ताव है । यात्री सुविधाओं के उन्नयनकार्यो में प्रमुख रूप से आवश्यकतानुसार अलग अलग स्टेशनों में स्टेशन तक पहुंच मार्ग, द्वार व स्टेशन परिसर का विकास, प्लेटफार्म शेल्टर, स्टेशनों के एलईडी नेमबोर्ड, स्टेशन परिसर में पर्याप्त लाईटिंग कैफेटेरिया, स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशनों का सौंदर्यीकरण, सीसीटीवी कैमरा, दिव्याङ्ग फ्रेंडली शौचालय, पार्सल के लिए जगह,स्टेशनो पर स्थित कार्यालयों के लिए उचित जगहों का चिन्हांकन,साइनेज, सीसीटीवी आदि के कार्य इस योजना के अंतर्गत की जायगी ।

यदि मनुष्य कुछ सीखना चाहे, तो उसकी हर भूल उसे कुछ शिक्षा दे सकती है।
महात्मा गांधी

# महिला कल्याण संगठन, प्रयागराज मण्डल द्वारा महिला स्वास्थ शिविर आयोजित



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कल्याण संगठन, प्रयागराज मण्डल द्वारा दिनांक ०१.०३.२०२३ को प्रयागराज मंडल कार्यालय के मंडल सभागृह में महिला स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गयाद्य इस शिविर का शुभारम्भ अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल अंजली अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा महोदय ने सभी महिला कर्मियों को इस शिविर का लाभ लेने के लिए कहा, और कहा कि जिस प्रकार हम अपने कार्य क्षेत्र को महत्त्व देते हैं, उसी प्रकार हमें अपने स्वास्थ्य को भी वरीयता देनी होगीद्य इस लिए यह आवश्यक है की हम सभी को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करते रहना चाहिए। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल ,उपाध्यक्षा संध्या राय, सचिव शालिनी भूषण,कोषाध्यक्ष आकांशा शुक्ला, सदस्य नीरजा निगम, सदस्य सीमा सहित रेलवे चिकित्सालय की डाक्टर शालिनी सिंह एवं उनकी टीम उपस्थित रही। इस चिकित्सा शिविर में आज ६० अधिक महिलाओं को डॉ शालिनी सिंह द्वारा रक्तचाप, थायराइड, अल्ट्रासाउंड, वजन एवं अन्य रोगों की जाँच की तथा उन्हें परामर्श दिया।

राष्ट्रभाषा किसी व्यक्ति या प्रांत की संपत्ति नहीं है, इस पर सारे देश का अधिकार है।
सरदार वल्लभ भाई पटेल

# Southern Railway General Manager holds meeting with Hon'ble Members of Parliament



Source/CPRO/SR: R.N. Singh, General Manager, Southern Railway convened a meeting with Hon'ble Members of Parliament belonging to both Lok Sabha and Rajya Sabha, representing constituencies/ Districts falling under the jurisdiction of Chennai Division on 22nd of February 2023.Hon'ble Members of Parliament who attended the meeting were Shri Dayanidhi Maran, (representing Chennai Central Lok Sabha Constituency) D.M. Kathir Anand (representing Vellore Lok Sabha Constituency)Dr. Kalanidhi Veeraswamy (representing Chennai North Lok Sabha Constituency) Dr.D. Ravi Kumar (representing Villupuram Lok Sabha Constituency) Dr. M.K. Vishnu Prasad (representing Arani Lok Sabha Constituency) Dr. Kanimizhi NVN Somu (Rajya Sabha) and Shri R.Girirajan (Rajya Sabha).R.N. Singh, General Manager, Southern Railway, welcomed the dignitaries and appraised the Hon'ble MPs about the various aspects of Southern Railway working, detailing the achievements and development of various passenger amenities. The General Manager also highlighted the various infrastructure developmental works including the Station Redevelopment works that are progressing on the Railway as well as various efforts taken by Southern Railway on various passenger friendly measures.Hon'ble MPs held deliberations on various aspects related to train services like introduction, frequency and stoppages, expeditious completion of railway projects, matters related to land acquisition, encroachments as well as various aspects of stations and railway development falling in their respective jurisdictions. The Hon'ble MPs also offered their valuable suggestions in these matters.Principal Heads of the Departments of Southern Railway and the Divisional Railway Manager, Chennai Division, also participated in the meeting.

**हमारे ग्राहक**

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके सउस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी

# आगरा मंडल के तीसरे सबसे बड़े यार्ड वाले "बाद" स्टेशन पर नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग स्थापित



रे.स.ब्यू./सूत्रः प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सतीश कुमार के नेतृत्व में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आगरा मंडल के तीसरे बड़े यार्ड "बाद" में यात्री यार्ड रीम डेलिंग और फराह-बाद तीहरीकरण लाइन कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का काम दिनांक ०८.०३.२३ को सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो कि, बाद यार्ड आगरा मंडल का तीसरा सबसे बड़ा यार्ड है। झलेवद मेक की इलेक्ट्रॉनिक इंटरालॉकिंग को आगरा डिवीजन के आगरा कैंट-मथुरा सेक्शन के बाद स्टेशन पर कमीशन किया गया है। इस प्रकार ट्रेन संचालन को अधिक सुचारु बनाने के लिए नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के माध्यम से ३५६ रूट मिल जाएंगे। नई इंटरलॉकिंग सेक्शन में सुरक्षित और सहज ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में मदद करेगा। इस जटिल और महत्वपूर्ण कार्य में ४७ पॉइंट मशीनें (३६ नए और ११ मौजूदा), २८ सिग्नल और ४१ शट सिग्नल शामिल थे। डीसी ट्रैक सर्किट और MSDAC के साथ में पूरे यार्ड में अतिरिक्त ट्रैक सर्किटिंग भी प्रदान की गई है। सिग्नलिंग उपकरणों के लिए विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति के लिए ०४ नग एकीकृत बिजली आपूर्ति प्रणाली प्रदान की गई है। संरक्षा संबंधी तैयारियों को बेहतर करने और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए ०४ इफेक्ट्रोनिक्स डेटा लॉगर (बाद सेंट्रल, एक केबिन, बी केबिन, सी केबिन) भी प्रदान किया गया है। इन डॉटा लॉगर को नियंत्रण कार्यालय से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

# पूर्वोत्तर के राज्यों को मार्च २०२३ में जोड़ेगी भारत गौरव पर्यटक रेलगाड़ी

साभारः रेलवे ने भारत गौरव एसी टूरिस्ट रेलगाड़ी द्वारा भारत के कम-ज्ञात पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए टूर "नार्थ ईस्ट डिस्कवरी बियॉण्ड गुवाहाटी" को संचालित करने का निर्णय लिया है । यह टूरिस्ट रेलगाड़ी २१ मार्च २०२३ को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करके अपने १५ दिनों के टूर में असम में गुवाहाटी, शिवसागर, जोरहाट और काजीरंगा, त्रिपुरा में ऊनाकोटि, अगरतला और उदयपुर, नागालैण्ड में दीमापुर और कोहिमा और मेघालय में शिलांग और चेरापूंजी को कवर करेगी । १४ रातों और १५ दिनों के इस टूर में रेलगाड़ी का पहला ठहराव गुवाहाटी होगा जहां पर्यटक कामाख्या मंदिर के दर्शन और ब्रह्मपुत्र नदी में सूर्यास्त के समय नौका विहार का आनंद उठाएंगे । रात्रिकलीन सफर पूरा करने के बाद यह रेलगाड़ी अगले गंतव्य अरूणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर से ३० किलोमीटर की दूरी पर नाहर लागुन रेलवे स्टेशन पहुंचेगी । इसके बाद रेलगाड़ी असम के पूर्वोत्तर में अहोम साम्राज्य की प्राचीन राजधानी शिवसागर पहुंचेगी। टूर में विरासत के अन्य स्थलों के साथ-साथ शिवसागर, शिवडोल स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर भी शामिल है। इसके बाद जोरबाग स्थित चाय के बागानों की सैर तथा काजीरंगा में रात्रिकालीन विश्राम के पश्चात् पर्यटकों को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में तड़के सफारी का कार्यक्रम होगा। इसके बाद डीलक्स वातानुकूलित पर्यटक रेलगाड़ी फुरकातिंग रेलवे स्टेशन से त्रिपुरा राज्य के लिए रवाना होगी जहां पर्यटक ऊनाकोटि के प्रसिद्ध धरोहर स्थल तथा अगरतला के साथ-साथ प्रसिद्ध उज्ज्यन्ता पैलेस का भ्रमण करेंगे। अगले दिन के यात्रा भ्रमण में उदयपुर में नीरमहल पैलेस और त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर का दौरा होगा । त्रिपुरा के बाद यह रेलगाड़ी नगालैण्ड राज्य के दौरे पर दीमापुर के लिए रवाना होगी ।

पर्यटक सुबह के समय अपनी सीटों से ही बदरपुर स्टेशन और लुमडिंग जं० के बीच सुन्दर -श्यावली का आनंद उठाएंगे । पर्यटकों को दीमापुर रेलवे स्टेशन से बसों द्वारा कोहिमा ले जाया जाएगा जहां वे नगा जीवन को करीब से अनुभव करने के लिए खोनोमा गांव के भ्रमण सहित स्थानीय स्थलों का दौरा करेंगे। इस रेलगाड़ी का अगला ठहराव गुवाहाटी रेलवे स्टेशन होगा वहां से पर्यटकों को सड़क मार्ग द्वारा मेघालय की राजधानी शिलांग ले जाया जाएगा । वहां रास्ते में शानदार उमियन झील के पास भी अल्प ठहराव होगा । अगले दिन की शुरूआत पूर्वी खासी हिल्स में बसे चेरापूंजी के भ्रमण से होगी। दिन के दर्शनीय स्थलों में शिलांग पीक, एलीफेंट फॉल्स, नवखालिकाई फॉल्स और मावसरमाई गुफाएं शामिल हैं । चेरापूंजी से पर्यटकों को वापस गुवाहाटी स्टेशन लाया जाएगा ताकि वे दिल्ली की वापसी रेल यात्रा कर सकें।

इस पूरे रेल यात्रा भ्रमण में अतिथियों को लगभग ५८०० किलोमीटर की रेल यात्र कराई जाएगी । इस पर्यटक रेलगाड़ी में पर्यटक दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, टुण्डला, इटावा, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी रेलवे स्टेशन से भी सवार हो सकेंगे। आधुनिक डीलक्स एसी रेलगाड़ी में दो शानदार रेस्तरां एक आधुनिक रसोईघर, कोचों में शावर क्युबिल्स, संसर आधरित शौचालय सुविधाएं, फुट मसाजर व एक लघु पुस्तकालय सहित अनेक सुविधाएं होगी । पूर्णतया वातानुकूलित रेलगाड़ी में सीसीटीवी कैमरे, इलैक्ट्रॉनिक तिजोरियां और प्रत्येक कोच के लिए अलग से सुरक्षा गार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। भारत गौरव पर्यटक रेलगाड़ी भारत सरकार के "देखो अपना देश" प्रयास के अंतर्गत घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है । इसमें द्वितीय वातानुकूलित में प्रति व्यक्ति किराया १०६६६०/- रूपये, प्रथम वातानुकूलित केबिन का प्रति व्यक्ति किराया १३१६६०/- रूपये और प्रथम वातानुकूलित कूपे का प्रति व्यक्ति किराया १४२२६०/- रूपये होगा ।

इस किराए में संबंधित श्रेणी में रेल यात्रा, वातानुकूलित होटलों में रात्रि विश्राम, बसों से आना-जाना और भ्रमण, यात्रा-बीमा और यात्र इत्यादि की सुविधा शामिल होगी। रेलवे द्वारा सभी आवश्यक एहतियाती स्वास्थ्य उपायों का ध्यान रखने के साथ-साथ अतिथियों को एक सुरक्षित और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा ।

## For the first time in BLW Central Hospital, hernia repair surgery was performed with laparoscopic method



Source/CPRO/Banaras Locomotive Works is world famous for its locomotives. Locomotives of BLW are playing an important role in the country and abroad, as well as BLW is contributing as a co-traveller of self-reliant India. Through new achievements in productivity and its excellent working style, BLW is moving towards a new level of record. In this sequence, the Central Hospital of Banaras Locomotive Works is conducting successful operations with the latest methods, in which the doctors and nursing staff of the Medical Department are also playing an important active role. Today for the first time, hernia repair surgery was done with laparoscopic method. Prior to this, the work of removal of large stones of gall bladder and removal of diseased uterus has also been done by laparoscope method. Now successful knee and hip transplant operations are also being done in this hospital, for which earlier patients had to go to big cities. Under the able leadership of General Manager Shri Prabir Kumar Saha and Principal Chief Medical Officer Dr. Devesh Kumar, Additional Chief Medical Officer Dr. Sunil Kumar, Surgeon Dr. P.R. Thakur, Dr. Vijay Singh and Orthopedic Surgeon Dr. Amit Gupta and Anesthesiologist Dr. Vishal Mishra's surgical team is successfully conducting operations with the latest method.



On the occasion of Women's Day Run Ms Mitali Tiwary organized Women's Day Run for all Railways women in Karnail Singh Stadium. This year is 3rd edition Run. Motto is good health for Railway Women's. Spend one hour per day for healthy lifestyle. She took major steps to motivate all women's of Railway. More than 100 Railways women participated in run




गुलाल हो पर खून सा लाल न हो!
मस्ती हो पर खराब माहौल न हो !
नाच गाये सब झूम झूम के बस ,
खुशी हा पर खुशी का मलाल न हो!
हर गली हर मुहल्ल में होली गूंजे,
कहीं कैसा भी बस बवाल न हो !
जज्बातों के किसी को ठेस पहुंचे,
ऐसा जबरदस्त बस धमाल न हो!
हुड़दंग में मान मर्यादा का ख्याल रखे,
मदहोशी से हमारी कोई बेहाल न हो!
होली त्योहार है प्रेम और भाईचारे का,
शालीनता पर बस कोई सवाल न हो!

!! होलिकोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं !!



# CHAIRMAN & CEO, RAILWAY BOARD REVIEWED PERFORMANCE OF EASTERN RAILWAY & SOUTH EASTERN RAILWAY



**Source/CPRO/ER/Kolkata: Anil Kumar Lahoti, Chairman & CEO, Railway Board, reviewed performance of Eastern Railway & South Eastern Railway in a meeting held at Eastern Railway's Head Quarter, Fairlie Place, Kolkata. In the meeting, Arun Arora, General Manager, Eastern Railway & Metro Railway, Kolkata, Archana Joshi, General Manager, South Eastern Railway, submitted their presentation to Chairman & CEO, Railway Board, to highlight the performance of respective Zonal Railways in the current financial year. In the meeting, CRB & CEO, Railway Board advised for fullest utilisation of budgetary grants in a well-planned manner for optimising the operations as well as progress of developmental works. CRB & CEO, Railway Board further advised for sensitising at all levels for fulfilling the loading and earning target, fullest utilisation of capital expenditure and looking for new avenues of increasing revenue. Shri Lahoti also guided for exploring all possible means for increasing earnings. The power point presentation of Eastern Railway revealed the stellar performance of this zone in 2022-23. In this financial year up to 21st February 2023, Eastern Railway's freight loading reached at 70 Million Tonnes and thus, this Railway aims to surplus 80 Million Tonnes mark in the current financial year which is the highest ever. The total revenue of Eastern Railway recorded as Rs. 8432 crore in the first 10 months of the current financial year which is also highest ever for corresponding period of any year. The freight revenue of Eastern Railway recorded as Rs. 5196 crore whereas the sundry revenue and scrap sale stood at Rs. 277 crore and Rs. 322.7 crore respectively which are also highest ever in first 10 months of the FY.In respect of capacity building, Eastern Railway is marching ahead with high pace of progress. The entire Eastern Railway network is 100 % electrified one of the world's biggest electronic inter-locking commissioned at Bandel with 1002 routes, electronic inter-locking commissioned at Andal with 489 routes, 58 Km new line/doubling has been commissioned in current FY and another 62 km is likely to be commissioned by March 2023. Eastern Railway is also the first zonal Railway to finalise 'Kavach' tender to boost safety in train operations. Eastern Railway is the best performing zonal railway in respect of KPI (Key Performance Indicators) ranking over Indian Railways since September in the current Financial Year which is appreciated by the Chairman & CEO, Railway Board.**

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की ६५वीं बैठक संपन्न



रे.स.ब्यू./सूत्रःबिलासपुर। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की ६५वीं बैठक महाप्रबंधक आलोक कुमार की अध्यक्षता में दिनांक ०१ मार्च, २०२३ को जोनल सभाकक्ष, बिलासपुर में सम्पन्न हुई । बैठक के प्रारम्भ में मुख्य राजभाषा अधिकारी ने महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों तथा मंडलों/कारखानों से पधारे सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये पिछले तिमाही में हुई राजभाषा प्रगति पर मदवार चर्चा प्रारम्भ की। इस अवसर पर क्षेराकास के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, आलोक कुमार ने सभी सदस्यों व कर्मचारियों को उनके उत्साह और अच्छे प्रदर्शन के लिये बधाई दी । उन्होंने कहा कि बिलासपुर जोन के लिए यह अपार हर्ष का विषय है कि इसके ०४ कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड स्तर पर सम्मानित किया गया है। इससे सभी मंडलों और उनके अधीनस्थ काम करने वाले कार्यालयों को राजभाषा में अधिक से अधिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने राजभाषा के प्रचार-प्रसार के कार्य में फ्युचर रेडी अप्रोच के साथ काम करने और सभी दिक्कतों को दूर करते हुये निरंतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया। महाप्रबंधक ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से हिन्दी में मूल पत्रचार का प्रतिशत बढ़ाने तथा ई पुस्तकालय कि अवधारणा को प्रधान कार्यालय में लागू करने के कार्य में तेजी लाने के निदेश दिये। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक ने कहा कि राजभाषा संबधी विशिष्ट कार्यो और उपलब्धियों का व्यापक प्रचार किया जाना आवश्यक है । प्रत्येक विभाग जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें पुरस्कृत किये जाने की संभावनाएं खोजी जाएँ। उन्होंने मुख्यालय स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में ई-पुस्तकालय की सुविधा प्रारंभ करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, पुस्तकालयों में ऐसी व्यवस्था की जाए कि कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को भी इसका लाभ मिल सके।

अपर महाप्रबंधक ने हिंदी के व्यापक प्रचार हेतु पुस्तक समीक्षाओं का संकलन कर उन्हें पत्रिका में छापने की बात कही । मुख्य राजभाषा अधिकारी ने सभी कार्यालयों द्वारा किए जा रहे राजभाषा संबंधी प्रगति को संतोषजनक बताते हुये कहा कि अप्रैल माह में संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण बिलासपुर मंडल में होना संभावित है । मूल पत्राचार में कुछ जगहों पर वृद्धि की आवश्यकता है. धारा ३ (३) के दस्तावेजों से संबंधित लक्ष्यों में कोई छूट नहीं है, इसका शत प्रतिशत पालन करना अनिवार्य है।

उन्होंने कार्यो की प्रगति का निरंतर अवलोकन और निरीक्षण करने की बात पर जोर दिया । बैठक के अंत में क्षेत्रीय राजभाषा प्रतियोगिता २०२२ के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता १८ कर्मचारियों तथा रेलवे बोर्ड स्तर पर विजेता ४ कर्मचारियों को महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री विक्रम सिंह ने किया ।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन


## सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :

### गाड़ी सं. 09117/09118 सूरत-सूबेदारगंज सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 09117 सूरत - सूबेदारगंज | | | गाड़ी सं. 09118 सूबेदारगंज - सूरत | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | सूरत | 20:00 | --- |
| 01:05 | 01:10 | ग्वालियर | 04:05 | 04:10 |
| 01:30 | 01:32 | मालनपुर | 02:35 | 02:37 |
| 02:00 | 02:02 | सोनी | 02:05 | 02:07 |
| 02:30 | 02:32 | भिंड | 01:40 | 01:42 |
| 03:38 | 03:40 | इटावा | 01:00 | 01:02 |
| 05:25 | 05:30 | गोविंदपुरी | 22:25 | 22:30 |
| 06:28 | 06:30 | फतेहपुर | 20:58 | 21:00 |
| 08:40 | --- | सूबेदारगंज | --- | 19:25 |

- **सूरत से :** गाड़ी संख्या 09117 प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 10.03.2023 से 30.06.2023 तक।
- **सूबेदारगंज से :** गाड़ी संख्या 09118 प्रत्येक शनिवार दिनांक 11.03.2023 से 01.07.2023 तक।
- **गाड़ी संरचनाः** एलएसएलआरडी-01, एसएलआर-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-12, स्लीपर श्रेणी-08

### गाड़ी सं. 09185/09186 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज सुपरफास्ट साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 09185 मुंबई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज | | | गाड़ी सं. 09186 कानपुर अनवरगंज-मुंबई सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:05 | मुंबई सेंट्रल | 22:30 | --- |
| 05:08 | 05:10 | भरतपुर | 03:08 | 03:10 |
| 06:00 | 06:10 | अछनेरा | 02:25 | 02:35 |
| 07:30 | 07:35 | मथुरा | 01:20 | 01:25 |
| 07:48 | 07:50 | मथुरा कैंट | 00:58 | 01:00 |
| 15:35 | --- | कानपुर अनवरगंज | --- | 18:40 |

- **मुंबई सेंट्रल से :** गाड़ी संख्या 09185 प्रत्येक शनिवार दिनांक 11.03.2023 से 24.06.2023 तक।
- **कानपुर अनवरगंज से :** गाड़ी संख्या 09186 प्रत्येक रविवार दिनांक 12.03.2023 से 25.06.2023 तक।
- **गाड़ी संरचनाः** जीएसएलआरडी-02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, सामान्य श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-12

नोटः ट्रेनो की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 349/23 (P)

North central railways @ CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

# एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



साभारः एमएसएमई-विकास कार्यालय प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास पर आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन प्रयागराज में किया गया। एल.बी.एस. यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, प्रयागराज द्वारा मुख्य अतिथि विजय विश्वास पन्तआई. ए.एस.मंडलायुक्त, प्रयागराज मंडल, संजय कुमार खत्री, आईएएस, जिला अधिकारी प्रयागराजको अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय सिंह, साइंटिस्ट एवं हेड,पारी पुनर्स्थापन वन अनुशंधान केंद्र, प्रयागराज एवं सुधांशु तिवारी, संयुक्त आयुक्त, उद्योग को भी अंगवस्त्र एवं पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम समन्यवक संजय कुमार निदेशक, एमएसएमई-कार्यालय, प्रयागराज ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए एमएसएमई मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही एमएसएमई क्लस्टर योजना, उद्यम रजिस्ट्रेशन के लाभ, इन्क्यूबेशन योजना, प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग स्कीम, स्फूर्ति योजना, जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट योजना के बारे में बताया साथ ही समय पर मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के विकास के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसकी भी जानकारी दी तथा उन्होंने प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम के द्वारा दी गई जानकारियों का लाभ लेकर अपने उद्यम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. संजय सिंह, साइंटिस्ट, पारी पुनर्स्थापन वन अनुशंधान केंद्र, प्रयागराज द्वारा व्यवसाय के नए आयाम को बताते हुए एग्रो फॉरेस्ट्री के क्षेत्र में उद्यमियों को आह्वाहन किया। सुधांशु तिवारी, संयुक्त आयुक्त उद्योगने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुएराज्य सरकार द्वारा उद्योगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय विश्वास पन्त मंडलायुक्त, प्रयागराज मंडल ने ऐसे कार्यशाला के आयोजन की सराहना की एवं सभी उपस्थित उद्यमियों को विषय विशेषज्ञों जैसे पैकेजिंग, डिजाईन, जेम, निर्यात, आईपीआर, मार्केटिंग की जानकारी लेकर अपने उद्यम को नया आयाम देने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सभी उद्यमियों एवं सभी औद्योगिक संघों एवं अन्य उद्योग जगत से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया एवं साथ ही साथ एमएसएमई- विकास कार्यालय को इस प्रकार की राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन हेतु बहुत-बहुत बधाई एवं सराहना की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित उद्यमी बंधुओं एवं उद्यम जगत से जुड़े सभी प्रतिभागियों को मोटिवेट किया। उन्होंने एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम के टेक्निकल सत्र में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ पैकेजिंग, नई दिल्ली से आए दिनकर जोशी ने पैकेजिंग टेक्नोलाजी के ऊपर प्रतिभागियों को जानकारी दी जिससे कि प्रतिभागी अपने प्रोडक्ट का अच्छे से पैकेजिंग करके अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेंच सके।


फार्म-IV

घोषणा

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | प्रकाशन | - | प्रयागराज |
| २. | प्रकाशन की अवधि | - | पाक्षिक |
| ३. | मुद्रक का नाम | - | ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| | राष्ट्रीयता | | भारतीय |
| | पता | | ५०२ पंचशीला त्रिवेणी नगर, नेता नगर कीड़गंज, प्रयागराज |
| ४. | संपादक का नाम | - | ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |
| | राष्ट्रीयता | | भारतीय |
| | पता | | ५०२ पंचशीला त्रिवेणी नगर, नेता नगर कीड़गंज, प्रयागराज |
| ५. | उन व्यक्तियों के नाम व पते, जो समाचार पत्र की कुल पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के स्वामी हैं | - | ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव |

मैं ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एतद् द्वारा घोषणा करता हूं कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी विश्वास के अनुसार सही है।

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
01.03.2023


# दस दिवसीय ताज महोत्सव आगरा में रेल प्रदर्शनी शुरू, ताज महोत्सव की रेल निहारिका में बनारस रेल इंजन द्वारा प्रदर्शित रेल लोको मॉडल बना आकर्षण का केंद्र।



साभारः रेलवे द्वारा ताज महोत्सव मे रेल प्रदर्शनी २० फरवरी से ०१ मार्च तक लगाई जा रही है इस रेल प्रदर्शनी को रेल निहारिका नाम दिया है जिसका मंडल रेल प्रबंधक, आगरा आनन्द स्वरूप द्वारा ताज महोत्सव मेले में स्थापित रेल प्रर्दशनी का फीता काटकर शुंभारंभ किया गया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मेले में लगी रेल प्रदर्शनी से सम्बंधित थीम व अन्य प्रदर्शन सामग्री का विस्तृत विश्लेषण किया और कहा कि रेल प्रदर्शनी सैलानियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बना है। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने मेले में लगी रेल प्रदर्शनी से सम्बंधित थीम व अन्य प्रदर्शन सामग्री का विस्तृत जानकारी उपस्थित सैलानियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसकी सभी उपस्थित सैलानियों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। जिसमे विभिन्न विभाग द्वारा प्रदर्शित रेल मॉडल तथा फोटो गैलरी भी सजाई गयी है और रेलवे के प्राचीन इतिहास से लेकर वर्तमान इतिहास को फोटो गैलरी के माध्यम से दर्शाया गया है। इस प्रदर्शनी में मुख्यतः बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा निर्मित किए जा रहे लोको संबंधित डिस्प्ले पोस्टर्स, पम्पलेट के माध्यम से आगंतुकों को अवगत कराते हुए विभिन्न प्रकार के डीजल एवं विद्युत रेल लोको मॉडल को दर्शाया गया है जो ताज महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में स्क्रैप से बनाए गए मॉडल में भोलू गार्ड, विस्टाडोम कोच, ब्लैक ब्यूटी स्टीम इंजन मॉडल सहित संरक्षा सम्बंधित प्रदर्शन ने सभी सैलानियों का मन मोह रहे है। वैसे भी रेल सभी जनमानस हेतु एक महत्वपूर्ण तथा अभिन्न अंग है। इस बात को ध्यान में रखते हुए रेल प्रदर्शनी में स्टीम इंजन काल से इलेक्ट्रिक इंजन तक के विस्तार के साथ साथ, नए भारत के नए व पुनर्विकसित स्टेशन भी दर्शाए गए हैं । एल ई डी वॉल के माध्यम से भी हर संभव जानकारी सैलानियों के मध्य साझा करने का उत्तम प्रयास किया गया है। प्रदर्शनी में दर्शको हेतु वतर्मान एवं भविष्य के साथ महत्वपूर्ण, उपयोगी जानकारियों को दर्शाया गया है । भारत की अत्याधुनिक व तीव्रतम गति से सचालित होने वाली वंदे भारत ट्रेन का वर्किंग बच्चों के साथ दर्शकों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके साथ सिवरेज ट्रीटमेंट का मॉडल के साथ ही बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने वाले उपकरण भी दर्शकों में कौतूहल उत्पन्न कर रहे है।

## चला टिकट जाँच अभियान

रे.स.ब्यू./सूत्रः वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (द्वितीय) देवानंद यादव के नेतृत्व में वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बांदा-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी के मध्य दिनांकरू २३.०२.२३ को गाडी संख्या २०६७६ / ०१८१० पैसेंजर से यात्रा करते हुए सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस जांच अभियान में पैसेंजर ट्रेन की गहनता से जांच करायी गयी तथा बिना टिकट, अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज, गन्दगी फैलाते हुए, धुम्रपान करने वाले कुल ८४ यात्रियों से जुर्माना स्वरुप रु.२६५४०/- रेल राजस्व की वसूली की गई । उक्त जांच अभियान को सफल बनाने में मुख्य टिकट निरीक्षक शिरीष उपाध्याय के साथ अन्य जांच कर्मियों द्वारा विशेष श्रम किया गया ।

## ५२ वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बरेका में "नुक्कड़ नाटक" के माध्यम से संरक्षा जागरुकता का संदेश



साभारः रेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार बनारस रेल इंजन कारखाना में दिनांक ०४ से १० मार्च तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक प्रबीर कुमार साहा के मार्गदर्शन एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी एस. बी. पटेल के नेतृत्व में ५२वें राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रमों की श्रृंखला में बरेका में आज ०६ मार्च को लोको डिवीजन कार्यक्षेत्र में संरक्षा जागरुकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोको अरुण कुमार शर्मा व मुख्य संरक्षा अधिकारी एस. बी. पटेल तथा अन्य विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें । इस नुक्कड़ नाटक द्वारा संरक्षा से संबंधित विभिन्न पीपीई के उपयोग न करने व संरक्षा की लापरवाही करने पर होने वाली दुर्घटनाओं कों नाटक के माध्यम से सजीव प्रस्तुत किया गया ।

# MINISTER OF RAILWAYS AND MINISTER OF HEALTH FLAG-OFF JAN AUSHADHI TRAIN




PIB/New Delhi: Ashwini Vaishnaw, Hon'ble Minister of Railways and Dr. Mansukh Mandaviya, Hon'ble Minister of Health and Family Welfare and Chemicals and Fertilizers flagged off the 'Jan Aushidhi Train' (Chhattisgarh Sampark Kranti Express) from Hazrat Nizamuddin Railway Station today. Senior officers of Health & Family Welfare Ministry and Railway Board were also present on the occasion.The train is being run on the occasion of Jan Aushadhi Day. Chhattisgarh Sampark Kranti Express (Hazrat Nizamuddin Railway Station to Durg, Chhattisgarh) has been vinyl wrapped with Jan Aushadhi branding. In its 1,278 Km journey from Hazrat Nizamuddin to Durg, the train passes through the states of Madhya Pradesh and Chhattisgarh. It will touch 184 stations including stoppages at Veerangana Laxmibai Jhansi, Saugar, Katni Mudwara, Umaria, Shahdol, Anuppur Jn. Pendra Road, Bilaspur Jn., Bhatapara, Raipur Jn. and Durg. This train will educate and create awareness among people about quality generic medicines made available by the government at affordable prices."Jan Aushadhi Diwas" is observed every year on 7 March to raise awareness about "Pradhan Mantri Bhartiya Jan Aushadhi Pariyojana" and to promote generic medicines. "Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana" has made a significant impact on the lives of common people by providing quality generic medicines at affordable prices. On this 5th , Jan Aushadhi Day, with the proposed theme "Jan Aushadhi Sasti Bhi Achhi Bhi", a week-long programs from 1st March 2023 to 7th March 2023 is being organized in various cities/towns across the country.Today the number of "Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Kendras" has crossed 9,000. The product basket has been expanded to over 1,700 drugs and 280 surgicals. Branded medicines are cheaper by 80-90% than the average market price and this has resulted in an estimated saving of about Rs 20,000 crore to citizens in the last 8 years. This scheme also provides a good source of self-employment.

कोई भी चीज़ इतनी अच्छी नहीं होती जितनी प्रतीत होती है।
जार्ज इलियट


# महाप्रबंधक ने की कोल लोडिंग एवं कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा



रे.स.ब्यू./सूत्रःहाजीपुरः पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में दिनांक ०६.०३.२०२३ को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के सभागार में कोल लोडिंग एवं कोल कनेक्टिविटी से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस समीक्षा बैठक में कोयला खदानों से विद्युत घरों तक कोयला के सुगम परिवहन एवं विद्युत घरों को कोयला की और तेजी से आपूर्ति हेतु नये साईडिंग, नई लाइन, दोहरीकरण, आरओआर जैसी आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े मुद्दों पर गहन चर्चा की गयी । बैठक के दौरान मुख्य रूप से कोल कनेक्टिविटी प्रदान करने के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण १६० किमी. लंबे रमना-सिंगरौली दोहरीकरण, टोरी-शिवपुर थर्ड लाईन (४१.५ किमी) तथा मीरपुर-झारखोस दोहरीकरण जैसी परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी तथा इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के रास्ते में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही बैठक के दौरान अन्य सामग्रियों के लोडिंग पर भी चर्चा की गयी । बैठक में मंडल रेल प्रबंधक/धनबाद, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ दक्षिण तथा प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक सहित मंडल एवं निर्माण विभाग के अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे ।

# राजेश मल्होत्रा ने पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का पदभार संभाल लिया



पसूका/नई दिल्ली: राजेश मल्होत्रा ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। मल्होत्रा ने सत्येन्द्र प्रकाश की सेवानिवृत्ति के बाद पदभार संभाला है। १९८९ बैच के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारी राजेश मल्होत्र इसके पूर्व जनवरी २०१८ से वित्त मंत्रालय में काम कर रहे थे। उन्होंने कोविड-१९ महामारी के दौरान वित्त मंत्रालय में कुशलतापूर्वक मीडिया और संचार नीति का संचालन किया, जो केंद्र सरकार द्वारा घोषित विभिन्न आत्मनिर्भर भारत पैकेजों के मद्देनजर थी, जिसके तहत लोगों को राहत देने का काम किया जा रहा था। इस तरह आर्थिक संतुलन कायम रखने का काम किया गया। मल्होत्रा को वित्त, कंपनी मामलों, कृषि, बिजली, कोयला, खान, संचार और आईटी, कपड़ा, श्रम, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रलयों/विभागों के लिए मीडिया और संचार रणनीतियों की योजना और कार्यान्वयन में ३२ से अधिक वर्षो का अनुभव है। इसके अलावा, वे २१ वर्षो (१९९६-२०१७) के लिए मीडिया और संचार के प्रभारी के रूप में भारत निर्वाचन आयोग के साथ जुड़े रहे। इस दौरान लोकसभा के छह आम चुनावों के दौरान मीडिया और संचार रणनीतियों की योजना बनाई गई और उन्हें लागू किया गया, साथ ही कई राज्य विधानसभा चुनावों और भारत के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुए। इस कार्यकाल के दौरान मल्होत्र ने १२ मुख्य चुनाव आयुक्तों के साथ मिलकर काम किया। मल्होत्रा ने आईएमटी, गाजियाबाद से बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और नालसार, हैदराबाद से मीडिया विधि में स्नातकोत्तर डिप्लोमा किया है। इसके अलावा, वे कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से सार्वजनिक नीति विश्लेषण पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम, थॉमसन फाउंडेशन, ब्रिटेन में मीडिया प्रबंधन और रणनीतियों और नई दिल्ली में आईआईएम लखनऊ द्वारा आयोजित श्मार्केटिंगः द विनिंग कॉन्सेप्ट्स एंड प्रैक्टिसेज पर कार्यक्रम का भी हिस्सा रहे हैं। वे इंस्टीटयूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य भी हैं और उनके पास कानून की डिग्री भी है।

हिंदी वह धागा है जो विभिन्न मात भाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माता के लिए सुंदर हार का सर्जन करेगा।
डॉ जाकिर हुसैन

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।
सहयोग राशिः
१.उच्चतम अधिकारी- ५००० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- ३५०० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-२५०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-१०००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव/ अनिल केन
रेल समाचार ब्यूरो कैंप कार्यालय-८४३६ आर्य नगर पहाड़गंज दिल्ली-५५

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. 329/255, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-211003 से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.51097-90 पोस्ट ए.डी-8
मो. 9793956044,9935224867
फोन नं.-0532-2418040

